06- MAY- ALL BHOOMI- Pg- 1_Layout 1 5/6/2024 10:17 PM Page 1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 7 मई 2024

# सरकारी गाड़ी से मौत, नहीं दिया मुआवजा, कोर्ट ने डीएफओ दफ्तर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

तीन साल पहले 2021 में वन विभाग की सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति के मौत के प्रकरण में न्यायालय ने 1 करोड़ 82 लाख रुपए मृतक के परिवार को नहीं देने के कारण 6 मई को शहर के डीएफओ आफिस को सील कर दिया है। न्यायालय के कर्मचारी आज डीएफओ कार्यालय पहुंचे और अधिकारी के कक्ष पर ताला जड़ दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग के वाहन से कमल कश्यप निवासी सोनारपाल थाना भानपुरी का एक्सीडेंट हुआ जिसमें कमल की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिवार ने वन विभाग पर मुआवजा देने कोर्ट में मामला दाखिल किया। वहीं पीड़ित पक्ष की तरफ से जगदलपुर के एक अधिवक्ता ने पैरवी की जिसके तहत तृतीय अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश संघरतना भतपहरी ने विभाग के प्राधिकृत अधिकारी वनमंडलाधिकारी को मृतक के परिवार को 1,82,16,345 की राशि मुआवजे के रूप में देने आदेश किया था। जिसके बाद भी विभाग ने उक्त राशि का भुगतान मृतक के परिवार को नहीं किया। जिसके चलते कोर्ट ने प्राधिकृत अधिकारी की सम्पत्ति की कुर्की करने का आदेश दिया। वहीं आदेश के मुताबिक न्यायालय के कर्मचारी कुर्क करने पहुंचे।

## एक साल पहले मृतक के परिजन को 1 करोड़ 82 लाख देने का हुआ था आदेश

### हाईकोर्ट में अपील, 3 दिन पहले सील

इस संबंध में मध्य बस्तर वन मंडल के डीएफओ उत्तम गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 3 साल पहले 2021 में सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पिछले मई 2023 में 1 करोड़ 82 लाख मृतक के परिवार को देने कोर्ट ने आदेश किया था। विधि विभाग से अनुमति के बाद हाईकोर्ट में समय देने के लिए अपील की गई है। क्योंकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा आचार संहिता लगने के कारण राशि देने में विलंब हुआ। हमने भुगतान का प्रयास भी किया था लेकिन चुनाव के चलते देरी हुई। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने 9 मई 2024 का समय तय किया था। लेकिन 3 दिन पहले 6 मई को ही कुर्की आदेश लेकर न्यायालय के कर्मचारी पहुंच गए और दफ्तर को सील कर दिया। अब इस संबंध में फिर से न्यायालय जाएंगे।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जीएसटी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस मिश्रा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। उनका चयन देश के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खोज-सह-चयन समिति ने किया है।

### आदर्श संहिता उल्लंघन उमर अंसारी को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज एक आपराधिक मामले में सोमवार को जमानत दे दी। यह मामला आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन का है।

### मिनी बस और कार की भिड़ंत में चार की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मिनी बस और कार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा सुबह थली गांव के पास उस समय हुआ, जब सिंघाना से बुहाना जा रही मिनी बस सामने से आ रही एक कार से टकरा गई।

### पुलिस ने नौ आईईडी विस्फोटक को किया नष्ट



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक पहाड़ी इलाके में पुलिस ने सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए नौ आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्रियों को नष्ट कर दिया। पुलिस को टीपागड क्षेत्र में विस्फोटकों के बारे में सूचना मिली थी।

## छत्तीसगढ़ में भी गड़बड़ी, बालोद कलेक्टर बोले- होगी जांच

# नीट में चूक का शक, बांट दिया गलत पेपर, गुस्साए छात्र ने छोड़ा एग्जाम हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी की परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान अलग-अलग जगह से कई गड़बड़ी की खबर सामने आईं। छत्तीसगढ़ के बालोद के अलावा राजस्थान में हिंदी माध्यम वाले परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम और इंग्लिश माध्यम वालों को हिंदी मीडियम का पेपर बांटा गया। इसके साथ ही कुछ स्थान पर पेपर लीक की भी खबर है।*

राजस्थान के सवाई माधोपुर के आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों ने आपत्ति दर्ज करते हुए प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर चले गए। यहां हिंदी के छात्रों को अंग्रेजी और अंग्रेजी के छात्रों को हिंदी का प्रश्नपत्र दिया गया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है।

## हिंदी माध्यम को अंग्रेजी और अंग्रेजी माध्यम को दिया हिंदी का प्रश्न पत्र

### बिहार में नौ साल्वर गिरफ्तार

इधर, बिहार में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार किए गए। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल छात्र हैं। वहीं, पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल छात्र हैं। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से भी एक डमी फर्जी अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी हुई है।







**भरतपुर में भी पकड़े गए 'मुन्नाभाई'** :राजस्थान के एक और एग्जाम सेंटर से गड़बड़ी की सामने आई। यहां भरतपुर जिले में एक डमी कैंडिडेट को परीक्षा देते पकड़ा गया है। जिले के एएसपी ने बताया कि एक स्कूल में एक अभ्यर्थी की जगह पर एक डॉक्टर को परीक्षा देते पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उसके साथ 4-5 लोग हैं।

### 24 लाख से अधिक अभ्यर्थी

इस वर्ष, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 10 लाख से अधिक लड़के, 13 लाख से अधिक लड़कियां और 24 छात्र तृतीय लिंग श्रेणी के तहत पंजीकृत थे। पिछले साल, कुल 20,87,449 अभ्यर्थियों ने नीट-स्नातक के लिए पंजीकरण कराया था और परीक्षा सात मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा में 97.7 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई थी।

## त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री ने किया खुलासा

# टी20 वर्ल्ड कप में होगा आतंकी हमला, धमकी

एजेंसी ▶▶| पोर्ट आफ स्पेन



वेस्टइंडीज और अमेरिका में एक जून से मैच, भारत समेत 20 टीमें लेंगी भाग

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रपटों के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है।

### आईसीसी बोला- सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। इसने कहा, हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं । किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिये सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।

# केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश, आप ने बताया साजिश

## खालिस्तान समर्थकों से धन लेने का आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। राजनिवास के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एनआईए जांच की सिफारिश भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी।

### पन्नू द्वारा जारी किया गया कथित वीडियो

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है, जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उपराज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है।

# ईसी ने कहा-तीन घंटे के भीतर हटाएं फर्जी पोस्ट

■ राजनीतिक दलों को निर्देश

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे अपने सोशल मीडिया खातों से फर्जी सामग्री को संज्ञान में आने के तीन घंटे के भीतर हटा दें। यह निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए जारी किए गए निर्देशों का हिस्सा है। हाल में, कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अभिनेता आमिर खान तथा रणवीर सिंह के 'डीपफेक' वीडियो पोस्ट किए गए थे और इस संबंध में आपराधिक शिकायतें दर्ज की गई थीं। निर्वाचन आयोग ने सूचनाओं को विकृत करने या गलत सूचना का प्रचार करने वाले 'डीपफेक' बनाने के लिए राजनीतिक दलों को चेतावनी दी ।

# हरीश गुप्ता बनाए गए आंध्र के नए डीजीपी

■ निर्वाचन आयोग ने दी नियुक्ति

**अमरावती।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को हरीश कुमार गुप्ता को आंध्र प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एम.एन. हरेंधीरा प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आयोग ने के.वी. राजेंद्रनाथ रेड्डी के स्थान पर गुप्ता को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। आयोग ने 1992 बैच के आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी गुप्ता को तुरंत कार्यभार संभालने और इस बाबत एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इससे पहले आयोग ने अनंतपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आर एन अम्मी रेड्डी का तबादला कर दिया था। अम्मी रेड्डी का तबादला आयोग द्वारा राज्य में पुलिस महानिदेशक रेड्डी का तबादला करने के 24 घंटे के भीतर किया गया है।

## तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सीमा पर मतदान की ऐसी तैयारी

# 170 किमी का लंबा सफर तय कर चुनचुना पुंदाग पहुंचा दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को मतदान सामग्री के साथ मतदान कर्मियों को अलग-अलग वाहनों से रवाना किया गया। जिला मुख्यालय अम्बिकापुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर से सबसे पहले दूरस्थ क्षेत्र के मतदान दलों को रवाना किया गया। दोपहर 2 बजे के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र में पहुंच गए हैं। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदानकर्मी शाम 6 बजे पहुंचे।

## 150 और 135 किलोमीटर की यात्रा



सूरजपुर के सीमावर्ती रसौकी मतदान केन्द्र में मतदान दल बस से 150 किमी एवं बीहड़ों के बीच बसे लुल्ह मतदान केन्द्र में 135 किमी सफर तय कर शाम 5 बजे पहुंचा। मतदान केंद्र में पहुंचने के बाद मतदान कर्मियों ने सबसे पहले मंगलवार को सुबह 7 बजे से होने वाले मतदान की तैयारियां की। प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में बिजली, पानी एवं छाया की व्यवस्था की गई है।

सरगुजा संसदीय चुनाव के लिए सोमवार को जिला मुख्यालयों से मतदान दलों को रवाना किया गया। दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए अलग-अलग वाहनों की व्यवस्था की गई थी। बलरामपुर जिलान्तर्गत पहाड़ी पर बसे दूरस्थ चुनचुना पुंदाग मतदान केन्द्र में 170 किमी का सफर कर मतदान दल शाम 3.30 बजे पहुंचा। इसी तरह झारखण्ड प्रांत के सीमावर्ती दूरस्थ मतदान केन्द्र कमलापुर, सोनपुर, सबाग, करौंदा एवं कमलापुर में मतदानकर्मियों के अपराह्न 3.30 से 4 बजे के बीच पहुंचने की सूचना है।



06- MAY- RAG Bhoomi- p-2_Layout 1 5/6/2024 9:37 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## केंद्रीय सुरक्षा बल व राज्य सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी

**जशपुरनगर।** जिले के 4366 मतदान केंद्रों में 6 लाख 71 हजार 846 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 3 लाख 41 हजार 545 महिला मतदाता और 3 लाख 30 हजार 282 पुरुष मतदाता है। जिनकी सुरक्षा के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की 16 कंपनी और लगभग 14 से 15 सौ जिले के स्थानीय सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। ये सुरक्षा कर्मी जिले के सभी 4366 मतदान केंद्रों में सुरक्षा देंगे। कहां से कितने सुरक्षा कर्मी चुनाव के दौरान तैनात रहेंगे केंद्रीय सुरक्षा बल की 16 कंपनी, जिला पुलिस के 650 जवान, जिला पुलिस बल के 350 जवान, कोटवार 400 फारेस्ट कर्मी 60, इनके अलावा लगभग 25 प्रतिशत पुलिस कर्मियों को सुरक्षित रखा गया है।

### आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

# मतदान केंद्रों में पहुंची पोलिंग पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोडका चौरा जशपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी, ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में ड्यूटी के लिए रवाना हुए।

जिले में मतदान तिथि 7 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष



वोटिंग कराने रवाना होते मतदान दल के कर्मचारी।

प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए है। उन्होंने मतदान दलों को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों को मतदान के सुचारू संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और मतदान सामग्री लेकर मतदान के लिए रवाना हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने जिले वासियों को अपील करते हुए कहा कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी सहभागिता निभाते हुए मतदान अवश्य करें लोकतंत्र के महापर्व में 07 मई को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जशपुर जिले के अंतर्गत विधानसभा जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव के 6 लाख 71 हजार 846 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पुरुष 330282, महिला 341545, थर्ड जेंडर 19 मतदाता है। सर्विस मतदाता 1839 है। जिले में 878 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जशपुर विधानसभा 325, कुनकुरी विधानसभा 278, पत्थलगांव में 275 मतदान केंद्र है। प्रत्येक बूथ में 4 कर्मचारियों का दल है। इसके अलावा रिजर्व में भी मतदान दल हैं। जरूरत पडऩे पर उनका उपयोग किया जाएगा। सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की गई हैं। पेट्रोलिंग की टीम रहेगी।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

## कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

- मतदाताओं को दी जाने वाली व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव-2024 के परिपेक्ष्य में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं को बैठने की व्यवस्था, विश्राम कक्ष, पानी व्यवस्था, सेल्फी, टेबल कुर्सी, पंखा, बिजली बूथ,बीएलओ के मतदाता सहायता बूथ स्थापित करने कहा। कलेक्टर ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त के निर्देश दिए।




## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



**जशपुरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले को प्राप्त पोस्टल बैलेट एवं डाक मत पत्र के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। मतदान केंद्रों में नियुक्त एजेंट के उपस्थिति के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए समय पर एजेंट उपस्थित कराने की बात कही। उन्होंने जिले में शांति पूर्ण मतदान करने हेतु सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं का सहयोग करें और मतदान कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपनी-अपनी योगदान आवश्य दे। इस अवसर पर कांग्रेस, भाजपा, बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई के साथ एफआईआर

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भी मतदाता अपना मोबाइल लेकर मतदान केंद्र में नहीं ले जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि मतदान के दिन कोई भी मतदाता मोबाइल लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश न कर सके। इसके लिए सभी पोलिंग बूथों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। मतदान केंद्र पर मोबाइल पकड़े जाने पर सुरक्षाकर्मी उसे जब्त कर सकेंगे,या वहा उपस्थित बीएलओ या मतदान कर्मी उसे बाहर ही स्विच ऑफ कर के जमा कराएंगे, जिसकी जिम्मेदारी मतदाता की भी होगी। असुविधा से बचने के लिए बेहतर है कि मतदान केंद्र पर मोबाइल लेकर न जाएं। क्योंकि मतदान केंद्र के भीतर किसी भी तरह से फोन या कैमरे के उपयोग से मतदान की गोपनीयता भंग होती है।






हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 7 मई 2024

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

4 पोलिंग बूथों पर सहयोग के लिए कोटवारों की तैनाती



[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

### ईवीएम सहित मतदान सामग्री, मेडिकल और गर्मी के इंतजाम भी साथ

# 14 हजार मतदान कर्मी 2367 बूथों के लिए रवाना







**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए 7 मई को सुबह 6 बजे वोटिंग शुरु होगी। इसके 24 घंटे पहले यानि 6 मई को पोलिंग पार्टियों को ईवीएम और मतदान सामग्री के साथ बूथों की ओर रवाना कर दिया गया। रायगढ़ लोकसभा अंतर्गत शहर के गढउमरिया स्थित केआईटी कालेज से मतदान दल को सोमवार सुबह रवाना किया गया। जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने हरी झंडी दिखाकर मतदान पार्टी को रवाना किया। इससे पहले निर्वाचन दल की तीन बार ट्रेनिंग कराई गई है।

रायगढ लोकसभा सीट अंतर्गत तीन जिलों रायगढ, सारंगढ व जशपुर में मतदान के लिए कुल 2367 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। प्रति मतदान केन्द्र पर सुरक्षा गार्ड समेत कुल 5 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रायगढ लोकसभा चुनाव में वोटिंग के लिए कुल करीब 14 हजार कर्मचारी लगाए गए हैं। वहीं 20 फीसद कर्मचारी आरक्षित रखे गए हैं। सभी जिलों में 10-10 संगवारी व दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा करीब 200 संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षित मतदान के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। गर्मी को देखते हुए ही वाटर कूलर के साथ मटके भी रखवाए गए हैं ताकि मतदाताओं को शीतल पेयजल मिल सके। इसके अलावा मतदान केन्द्रों में कूलर आदि भी व्यवस्था की गई है ताकि गर्मी से थोड़ी राहत मतदाताओं को मिल सके। मतदाताओं के लिए वेटिंग हॉल और मेडिकल किट की भी व्यवस्था की गई है।

### किसका बढ़ेगा कद, कौन होगा कमजोर, आज तय करेंगें मतदाता





लोकसभा चुनाव के नतीजे रायगढ़ लोकसभा के आठ विधायकों और यहां से चुनाव हारे आठ प्रत्याशियों का बीते चार माह का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। भाजपा सरकार के गठन में रामगढ़ व जशपुर जिले का कद पूरे प्रदेश में राजनीतिक दृष्टि से सबसे भारी रखने के बाद हो रहे पहले बड़े चुनाव के नतीजों का असर बड़े नेताओं के भविष्य पर भी पड़ने की संभावना है। सीएम जशपुर और वित्त मंत्री रायगढ सीट से हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के नतीजों में इनके विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की घटत या बढ़त पर आमजन ही नहीं, बल्कि पार्टी की भी नजरें टिकी हुई हैं। कांग्रेस के चार विधायकों के क्षेत्रों में कांग्रेस के लिए बढ़त को बरकरार रखना ही नहींए उसे बढ़ाना भी चुनौती है। खरसिया, लैलूंगा, सारंगधर व धरमजयगढ से कांग्रेस के विधायक हैं। जबकि रायगढ सीट समेत जशपुर की तीनों सीटों पर बीजेपी काबिज है।

### गर्मी से बचने के इंतजाम भी साथ

पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के पूर्व केआईटी कालेज में कलेक्टर ने अपनी निगरानी में ईवीएम मशीन समेत अन्य सामग्री की पडताल की। तेज गर्मी को देखते हुए मतदान दल को तापरोधी संसाधन, दवाएं व ओआरएस घोल भी दिया गया है। साथ ही पोलिंग बूथों पर मेडिकल सुविधा सुनिश्चित की गई है।

### वोटरों के लिए भी सुविधाओं

गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में भी प्रशासन ने मतदाताओं को राहत देने के पर्याप्त इंतजाम किये हैं। मतदान केन्द्रों में टेंट, छाया , पेयजल, हवा इत्यादि की सुविधा के साथ जरुरतमंदों को पोलिंग बूथ पर लाने वाहन ' मतदाता रथ ' का भी प्रबंध किया गया है। पोलिंग बूथों पर सेल्फी जोन भी बनाये गये हैं। जहा मतदान करने के बाद मतदाता सेल्फी भी ले सकते हैं।

### लोकसभा में कुल 18 लाख मतदाता

मंगलवार को मतदान केन्द्रों में जिले के कुल 18 लाख 29 हजार 67 मतदाता प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे। जशपुर में 329253 पुरूष व 339868 महिला मतदाता, रायगढ़ में पुरूष 443611 तथा 450360 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा सारंगढ़ में पुरूष 131491 तथा 134435 महिला मतदाता हैं। पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाता की संख्या अधिक है। इसके साथ ही कुल 49 तृतीय लिंग के मतदाता और अपना निर्णय और प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे।

### इन पहचान पत्रों के साथ कर सकेंगे मतदान

मतदाता आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य पब्लिक लि, कपनी के आईडी, बैंक व डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, आरजीआई और एनपीआर के स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज आदि दिखाकर अप मत डाल सकेंगे।

## रेड कारपेट में चलकर करेंगे मतदान

आज लोकसभा चुनाव के तीसरे के लिए मतदान है। ऐसे में रायगढ़ लोकसभा सीट में 8 विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 हजार 367 मतदान केन्द्र हैं। इन सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छांव, कुलर, प्राथमिक चिकित्सा सहित पेयजल की व्यवस्था की गई है। सभी मतदान केन्द्रों में सोमवार की देर शाम तक यह भी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई। मतदान केंद्रों में मतदाताओं का स्वागत करने के लिए रेड कारपेट बिछाया गया है जिसमें चलकर मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचेगे और अपने चहेते प्रत्याशी को जीत दिलाने मतदान करेंगे।

### मतदाताओं को जागरूक करने बनी रंगोली

मतदाताओं का जागरूक करने को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आकर्षक रंगोली बनाई गई है। जो मतदान से संबंधित संदेश देती है और जागरूकता की अमिट छाप छोड़ रही है।

### 80 संगवारी केन्द्रों का महिलाएं करेंगी संचालन

जानकारी के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाएं गए हैं, इस प्रकार कुल 80 संगवारी मतदान केन्द्रों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता मित्र की तैनाती भी की गई है जो जरूरतमंद मतदाताओं की सहायता करेंगे।

### खबर संक्षेप

#### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हमीरपुर रोड में एक बाइक सवार की तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक का शव दो टुकड़ों में अलग हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना सोमवार की दोपहर करीब 12.30 से 1 बजे के बीच की है। वहीं संबलपुरी गैस फैक्ट्री के पास हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर और मोटरसाइकिल की आमने सामने हुई भीषण भिंडत में बाइक सवार युवक करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा और उसका शव दो टुकड़ों में अलग हो गया। वहीं ट्रेलर चालक ट्रेलर छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं ट्रेलर चालक की भी पतासाजी की जा रही है।



BILASPUR: AGRASEN CHOWK, LINK ROAD, IN FRONT OF RAGHURAJ SINGH STADIUM
DURG: SANTRA BADI, STATION ROAD
RAIPUR: BESIDE AXIS BANK, JEEVAN BIMA MARG, PANDRI
Follow us on shreeshivamclothing shree_shivam 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप



### टीआई बंजारे के साथ सुरक्षाबलों का मार्च पास्ट

**पुसौर।** लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने पिछले कुछ दिनों से पुसौर थाना क्षेत्र में सशस्त्र सुरक्षा बलों की तैनाती हो गई है जो प्रत्येक मतदान केन्द्र के साथ साथ क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्र में मार्च पास्ट करते रहे हैं। इस तारतम्य में थाना मुख्यालय पुसौर में इन्होंने मार्च पास्ट किया। जानकारी के मुताबिक थाना का वाहन आगे आगे सायरन बजाते हुए धीरे धीरे चलता रहा और पीछे पीछे सशस्त्र सुरक्षा बल टीआई बंजारे के अगुवाई में मार्च पास्ट करते मिले जो पुसौर के प्रत्येक वार्डो मे गए। ज्ञात हो कि नगर पंचायत के 15 वार्ड के साथ ही थाना कार्यालय से बोरोडिपा की दुरी लगभग 1 किमी है और गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बोरोडिपा के समाजसेवी अभिमन्यु साहू, सुरेन्द्र जेना सहित अन्य लोगों ने उक्त सुरक्षा बलों के लिए पेय जल की व्यवस्था की जिसकी सराहना टीआई बंजारे ने की।

### सामान्य प्रेक्षक, एआरओ व्यवस्था के लिए मौजूद

**सारंगढ़।** रायगढ़ लोकसभा सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ. अंशज सिंह, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ वासु जैन, सहायक रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी सहित सशस्त्र सीमा बल कंपनी के प्रभारी के साथ निर्वाचन कार्यालय परिसर में वितरण व्यवस्था के दौरान चर्चा करते हुए मौजूद हैं।

### कलेक्टर ने की रवानगी व्यवस्था की मॉनिटरिंग

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान के साथ मतदान दलों के रवानगी के पूर्व सामग्री वितरण व्यवस्था से जुड़े मतदान दल, उदघोषणा मंच, वितरण केन्द्र,रिजर्व टीम सहित निर्वाचन के पूरे व्यवस्था का जायजा लेकर मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने की मतदान करने की अपील

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू सहित अन्य अधिकारियों ने वीडियो संदेश के माध्यम से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सभी मतदाताओं से मंगलवार 7 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, एसडीएम आईएएस वासु जैन, स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल एवं तहसीलदार पूनम तिवारी ने अपने संदेश में उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदाता बिना किसी दबाव या लालच के भयमुक्त होकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए मंगलवार 7 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### गोट टैलेंट प्रतियोगिता का समापन

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा विगत कुछ दिनों से वर्चुअल अर्थात ऑनलाइन रायगढ़ गोट टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। जिनका प्रमोशन सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रोंके माध्यम से संस्था द्वारा लगातार कुछ दिनों से किया जा रहा था। इसमें लगभग 112 से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को अपना 1 मिनट का वीडियो किसी भी टैलेंट के रूप में बनाकर संस्था को भेजना था। प्रतिभागियों द्वारा इस प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक अपना हुनर दिखाते हुए अनेक प्रकार के वीडियो बनाकर भेजे गए। इसमें सिंगिंग डांसिंग पजल सॉल्व पियानो स्केटिंग क्विज सॉल्विंग जैसे अनेक प्रकार के हुनर प्रतिभागियों ने अपने वीडियो में दिखाते हुए संस्था को भेजे।

## अभी छह माह में ठीक हो जाते, दवाओं के गैप से लग सकता है 1-2 साल

# टीबी मरीजों के ड्रग रेसिस्टेंट होने का खतरा, एक माह से नहीं मिली दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मार्च के अंतिम सप्ताह से जिले में टीबी की दवाओं का अभाव बना हुआ है, हालत ये है कि इलाज के 6 माह का कोर्स पूरा करने के मुहाने पर पहुंच चुके 800 मरीजों को खाने के लिए दवा नहीं मिल पाई है। ऐसे में इन मरीजों के ड्रग रेसिस्टेंट होने का खतरा बढ़ गया है। आसान भाषा में समझें तो जो मरीज 6 माह में ठीक हो जाते उन्हें दवाओं के गैप के कारण अब स्वस्थ होने में 1 से 2 साल का समय लग सकता है। डॉक्टर्स की मानें तो एक माह का गैप होने पर टीबी के बैक्टीरिया में दवा प्रतिरोधी क्षमता बढ़ जाती है और बीमारी ठीक होने में समय लग जाता है।

जिले में करीब 24 सौ टीबी के मरीज हैं। टीबी की दवाओं की किल्लत जनवरी से ही शुरू हो गई थी। इसमें केंद्र के साथ.साथ जिला क्षय केंद्र ने भी लापरवाही बरती।

**निजी मेडिकल की दवाओं के फार्मूले में फर्क और महंगी**



आज ये स्थिति बनी है कि मरीज सरकारी अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। शुरूआती स्टेज ;1.2 माहद्ध के मरीजों के लिए 4 एफडीसी दवा के 1 हजार पत्ते आ जाने का दावा स्वास्थ्य विभाग कर रहे है लेकिन यह पत्ते मरीजों की संखया के हिसाब से कम हैं। 3 से 6 माह की स्टेज के लिए 3 एफडीसी दवा न अस्पताल में है और ना ही स्टोर में। निजी मेडिकल स्टोर्स पर टीबी की दवाएं तो उपलब्ध हैं लेकिन सरकारी सप्लाई के फार्मूले में थोड़ा डिफरेंस है। ऐसे में मरीज जिला क्षय रोग केंद्र और सरकारी अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बजट मिलने के बाद विगत सप्ताह जैम पोर्टल से ऑर्डर लगाए थे। लेकिन जैम पोर्टल से भी सप्लाई नहीं हुई है। यहां भी विभाग को सरकारी दवाओं का फार्मूला नहीं मिला।

### 2025 तक कैसे टीबी मुक्त होगा देश

राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम दिल्ली द्वारा दवा की खरीदी और सप्लाई राज्य स्तर पर होती है। राज्य से जिला स्तर और ब्लॉक के डॉट्स केंद्रों पर आती है। राष्ट्रीय स्तर पर खरीदी न होने पर जनवरी से सप्लाई प्रभावित हुई और मार्च के अंतिम सप्ताह में टोटली बंद हो गई। सरकारी लक्ष्य है कि 2025 में देश को टीबी मुक्त किया जाना है लेकिन सरकार और विभाग मरीजों के लिए दवा की व्यवस्था भी नहीं कर पा रही है। प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर लेता है टीबी का बैक्टीरिया सामान्य टीबी में एंटीबायोटिक्स दवा से ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया को पूरी तरह खत्म होने में 6.9 माह लग जाते हैं। यदि बैक्टीरिया किसी एंटीबायोटिक दवा के प्रति रेसिस्टेंट हो जाए तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर्स को एंटीबायोटिक दवाएं बदलनी पड़ती हैं। पता किया जाता है कि कौन.कौन सी दवाओं के प्रति बैक्टीरिया ने प्रतिरोधी क्षमता विकसित की है। जिसके बाद डोज बढ़ाने से इलाज लंबा चलता है। चिकित्सकों का कहना है कि जल्द ही टीबी की दवाएं भेज दी जाएंगी। प्रयास किए जा रहे हैं कि टीबी मरीजों को जल्द से जल्द सभी दवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## एचएसआरपी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं होने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आपने वाहन 1 अप्रेल 2019 से पहले खरीदा है तो सावधान हो जाए। उस पर 30 जून से पहले हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगवा ले। ऐसा नहीं करने पर परिवहन विभाग की ओर से भारी जुर्माना वसूला जाएगा।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना तथा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से 1 अप्रेल 2019 के पूर्व निर्मित वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिह्न सहित अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाई जानी अनिर्वाय है। इसके लिए वाहन निर्माता व उनके अधिकृत डीलर्स को प्राधिकृत किया गया है। परिवहन विभाग की ओर से ऑनलाईन पोर्टल भी बनाया गया है। जिसके माध्यम से भारतीय ऑटोमोबाइल मेनफैक्चरर्स सोसायटी की वेबसाइट पर जाने पर संबंधित जिलेए वाहन की श्रेणी एवं डीलर का चयन कर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने का स्लॉट बुक करवाया जा सकता है। इसके बाद अधिकृत डीलर की ओर से वाहन पर अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने की कार्रवाई की जाएगी। जाने की कार्यवाही की जाएगी। एचएसआरपी लगाने के लिए वाहनों के अंतिम अंक के आधार पर तिथि तय थी। अंतिम अंक 1,2,3 व 4 की अंतिम तिथ गुजर चुकी है। वहीं 5 व 6 अंक वाले वाहनों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 अप्रेल है। जबकि ऐसे वाहन जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 7 व 8 है वे 31 मई तक तथा अंतिम अंक 9 व 0 वाले वाहनों का पंजीयन 30 जून तक करवाया जा सकता है। इसमे खास बात यह है कि 0 से 9 अंक वाले सभी वाहनों पर एचएसआपी प्लेट लगवाई जा सकती है।

## ज्येष्ठ पुत्र और श्रेष्ठ सरोकार दोनों का धर्म निभा रहे नरेन्द्र

**समाजसेवी पिता की स्मृति में हर पखवाडे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

**रायगढ़।** सनातन संस्कृति में घर के ज्येष्ठ पुत्र पर पिता की विरासत और श्रेष्ठ कर्मों के अनुकरण का नैतिक दायित्व होता है किंतु कम ही लोग इस परंपरा का निर्वहन कर पितृऋण से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर होते हैं।

शहर में इस अनुकरणीय सामाजिक परंपरा का निर्वहन व्यवसायी नरेन्द्र रतेरिया कर रहे हैं। नगर के प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरुम के संचालक नरेन्द्र रतेरिया अपने दिवंगत पिता व स्थापित समाजसेवी स्व. दीनदयाल रतेरिया की स्मृति में हर पखवाडे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर पीड़ित मानवता की सेवा में जुटे हैं।

एक कुशल व्यापारी व अति संवेदनशील व्यक्तित्व नरेन्द्र रतेरिया अपने ज्येष्ठ पुत्र होने और पिता के पीड़ित मानवता की सेवा के श्रेष्ठ सरोकार दोनों का भली भांति निर्वहन कर शहर में एक मिसाल कायम कर रहे हैं। 1 मई को शहर के अग्रोहा भवन में आयोजित स्व. दीनदयाल रतेरिया स्मृति स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की सेवा में जुटे समाजसेवी नरेंद्र रतेरिया ने बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में प्राचीन वैदिक पद्धति से शरीर के नसों की विभिन्न समस्याओं का उपचार किया जाएगा।

इस शिविर में जबलपुर निरोगा धाम के सुप्रसिद्ध नसों के चिकित्सक डॉ सर्वेश वर्मा एवं डॉ सुशील गुप्ता शिरकत कर नसोंए घुटनेए कमर पीठ व गठिया रोग व अन्य समस्याओं में बड़ों व छोटे बच्चों का जांच उपचार कर समाज के लोगों की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देते आ रहे हैं। रतेरिया ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में गठिया, आर्थोराइट्स, लिंगामेंट इंजुरी, ऑस्टियोपोरोसिस, जबड़ों का ना खुल पाना, नसो का दब जानाए पुरानी चोट, रीढ़ की हड्डी का तिरछा होनाए स्लिप डिस्क पैरों में भारीपन, झुनझुनी, साइटिका, कंधा, कूल्हे का दर्दए हर्पिस के बाद नसों का दर्द, स्तनों में गांठ व शरीर के अन्य हिस्सों में गांठ सहित अनेक समस्याएं तथा बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक कमजोरी, एडी उठाकर चलनाए हाथ पैरों का तिरछापन, कम सुनना, कम देखना, विलंब शारीरिक विकास, सेरेबल पॉल्सी, स्पीच प्रॉब्लम, अधिक लार का गिरना, अति चंचलता, जोड़ो का खिसक जाना सहित अनेक समस्याओं का जांच व उपचार विशेषज्ञ चिकित्सक वैदिक पद्धति हो रहा है।

## तमनार में ओपी की सभा, 70 कांग्रेसी भाजपा में शामिल

**तमनार।** रायगढ़ लोकसभा के लैलूंगा विधानसभा स्तरीय बैठक व नुक्कड़ सभा मे वित्त मंत्री ओपी चौधरी 4 मई शनिवार को शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को रिकार्ड मतों जिताने एवं नरेद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने आग्रह किया।

नुक्कड़ सभा गोढ़ी एवं तराईमाल मे कांग्रेस के पूर्व आदिवासी ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष खीरोद सिंह नायक, डोंगामौहा के उप सरपंच सुंदर लाल पटेल, तराईमाल के खीरसागर मालाकार सहित 70 से अधिक दिग्गज कांग्रेसियो ने भाजपा के रीति नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से प्रभावित होकर यूथ आईकॉन वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप की उपस्थिति में भाजपा परिवार में शामिल हुए। ओपी चौधरी के आगमन पर गाजे बाजे आतिशबाजी फूलमालाओं से स्वागत अभिनंदन करने युवाओं





सभा को संबोधित करते ओपी चौधरी।

एमहिलाओं, वरिष्ठगणो भाजपा कार्यकर्ताओं ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल रहा। भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी की जयघोष के साथ भाजपा, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद ओपी चौधरी, राधेश्याम राठिया जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान हुआ। ओपी चौधरी ने कहाकि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी और भाजपा के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास, 2 साल का धान बोनस, एक मुश्त धान की बोनस, महतारी वन्दन योजना, रामलला दर्शन अन्य जनकल्याणकरी योजना 3 माह में किए विकास कार्यो की बताए।
कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, गोकुलानन्द पटनायक, संतीश चन्द बेहरा, पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया, पूर्व विधायक सुनीति राठिया, कैलाश नायक, अरुण कुमार राय, यादलाल नायक, अमल साय, गिरीजाशंकर पटेल, शांता साय, सुषमा खलको, स्नेहलता सिदार, लोकेश्वरी सिदार, गीतांजली पटनायक, ममता साव, गायत्री बेहरा, अशोक अग्रवाल, विनायक पटनायक, मण्डल अध्यक्ष जतिंद्र साव, बंशीधर चौधरी, राम शयम डनसेना, रमेश पटनायक, ललित यादव, पारेश्वर प्रधान, राजेश बेहरा, स्वरुप पटनायक, महेश भोय, पितरु मालाकार, मनोज पटेल, प्रकाश त्रिपाठी, संतोष यादव पितेश बेहरा अन्य सैकड़ो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के दौरान 70 से ज्यादा कांग्रेसियों ने भाजपा का गमछा पहनकर पार्टी में प्रवेश किया।

## प्रतिदिन पचास हजार से ज्यादा का गन्ने का रस पी जाते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



- बढ़ती गर्मी के चलते रोज हो रही है तीस क्विंटल गन्ने की खपत


गर्मी के तल्ख तेवर के साथ ही तपन भी यकायक तेजी से बढऩे लगी है। बढ़ती गर्मी के चलते जिले भर में गन्ने के रस की मांग भी बढ़ गई है।

गर्मी में हलकान हो रहे कंठ को तर करने के लिए लोग गन्ने के रस का सहारा ले रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में लोग रोजाना करीब 50 हजार रुपए से अधिक के गन्ने का रस पी रहे हैं। कई जगह गन्ने के रस की दुकानें और ठेलों पर चरखियां लग गई हैं। दोपहर बाद तो इन दुकानों और ठेलों पर भीड़ लग जाती हैं।
शहर में करीब दो दर्जन से अधिक गन्ने का रस निकालने की मशीनें चल रही हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में गन्ने के रस की दुकानें और ठेले संचालित हो रहे हैं। क्षेत्र में गर्मी की दस्तक के साथ ही गन्ने के रस की मांग बढ़ गई है। गन्ने के रस की दुकानों पर दिन भर लोगों की आवाजाही देखने को मिल रही है। दुकानों पर लोग गर्मी से राहत पाने के लिए गन्ने के रस का सहारा ले रहे है। आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ ही गन्ने के रस की मांग भी और बढ़ जाएगी। वर्तमान में रोजाना करीब तीस क्विंटल गन्ने का रस निकाला जा रहा है। ऐसे में मई व जून के लिए बाहर से गन्ना मंगवाने के आर्डर भी दिए गए हैं। ताकिए गर्मियों के दिनों में माल आने में कोई परेशानी नहीं रहे और समय पर खपत के अनुरूप गन्ना मिलता रहे। बाजार में गन्ने के रस का एक गिलास 20 से 25 रुपए में मिल रहा है। जबकि अन्य फलों के रस का एक गिलास 30 से 35 रुपए में मिल रहा है। जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के लोगों की गन्ने का रस ही पहली पसंद बना हुआ है। एक किलो गन्ने में आधा लीटर गन्ने का रस निकलता है।

## शहर के तालाब नाले घटाएंगे स्वच्छता की रैंकिंग, 75 अंकों की चुनौती

**रायगढ।** स्वच्छ सर्वे 2024 में इस बार नगर निगम की मुश्किल बढने वाली है। भारत सरकार ने इस बार स्वच्छ सर्वे में नए संकेतक टूलकिट में नालोंए बरसाती नालियों और जलीय संरचनाओं की सफाई को भी शामिल किया है। इसके लिए नगरीय निकाय को 75 अंक दिए जाएंगे। रायगढ नगर निगम सीमा अंतर्गत कुछ तालाबों को छोड़ दिया तो शेष सभी की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है।

ज्यादातर तालाब गंदगी के ढेर में तब्दील हैं। यही हाल नालों का है। नालों और नालियों के ज्यादातर हिस्से में प्लास्टिक के ढेर जमा हैं।शहर के प्रमुख तालाब जयसिंह ए करबला तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसी तरह अन्य तालाब पूरी तरह से कचरे से अटे पड़े हैं। इनकी सफाई अत्यंत जरूरी है। शहर के प्रमुख नाले और नालियां पन्नियों से अटी पड़ी हैं। नालियों का ज्यादातर हिस्सा खुला हुआ है और किसी भी नाली में जालियां नहीं लगी हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर जोड़े गए नए सूचकांक के संबंध में राज्य शासन ने सभी नगरीय निकायों को अवगत कराया है। बताया है कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित नाले नालियां, बरसाती पानी की नालियां और जलीय संरचनाएं जैसे तालाब, नदी, टैंक की नियमित सफाई और निर्बाध जल निकासी व व्यवस्थित रख रखाव किसी भी शहर के स्वच्छता स्तर को परिलक्षित करता है। इसके लिए निकाय में बहने वाले नाले, नालियां व जलीय संरचनाएं साफ स्वच्छ, पूरी तरह से ढंकी हुई और उनके अंतिम छोर में जालियां लगी हों। उनकी सतह पर कहीं भी ठोस अपशिष्ट तैरता हुआ न दिखे, किनारे अतिक्रमण मुक्त हो और उचित दूरी पर कूड़ेदान हो यह व्यवस्था होनी चाहिए।



- स्वच्छता सर्वे में नाले, बरसाती नालियां और जलीय संरचनाओं की स्वच्छता भी की गई शामिल

### सुधारे व्यवस्था

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है। इसका पालन करते हुए नगरीय निकाय नालों, नालियों, जल स्रोतों, जलाशयों में आवश्यक स्वच्छता और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सुनील चंद्रवंशी
निगमायुक्त

### नगरीय निकायों को निर्देश

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम मिल सकेए इसके लिए निर्देश दिए गए हैं कि नाले और नालियों की नियमित सफाई की कार्ययोजना तैयार की जाए। सफाई के बाद निकला मलबा किनारों पर ही न पड़ा रह जाए। इसे तत्काल हटाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। नालियां ढंकी हों और इसमें ठोस अपशिष्ट और प्लास्टिक तैरता हुआ न दिखाई दे। जलीय संरचनाओं के आसपास मार्ग पर 50 मीटर की दूरी पर ढक्कन युक्त कूड़ेदान व कचरा न फैलाने वाला संदेश लिखा हो।



## पोलिंग बूथों पर सहयोग के लिए कोटवारों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रत्येक पोलिंग बूथ में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों के लिए संबंधित ग्राम कोटवारों की तैनाती की जाती रही है ताकि क्षेत्र की जानकारी हो और मतदान कार्य सुचारू रूप से चल सके।

इसी कडी में बीते दिनांक को थाना प्रभारी आर के बनजारे ने अपने क्षेत्र के 120 ग्राम कोटवारों को अपने अपने ग्राम के मतदान केन्द्र में ड्यूटी करने आदेश तामिल किया है। जानकारी के मुताविक पुसौर थाना क्षेत्र में कुल 115 मतदान केन्द्र है जिनका मुआयना पिछले कई दिनों से टीआई बनजारे द्वारा किया जा चुका है वहीं इसकी जानकारी वहां तैनात हुए सुरक्षा बलों के साथ भी साझा किया है। इस प्रकार समुचा चुनाव दल मतदान कार्य को संपन्न कराने अपना अपना मोर्चा सम्हाल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक हुए विधानसभा और लोक सभा चुनाव में किसी भी प्रकार का अप्रिय स्थिति सामने नहीं आई है चूंकि पुसौर क्षेत्र के लोग षांतिप्रिय होने के साथ साथ अपने काम पर विश्वास रखते हैं।

## जेसीआई एवं काशी स्पाइन केयर का संयुक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**रायगढ।** जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा 5 मई को अग्रोहा भवन में काशी स्पाइन केयर रायपुर के चिकित्सक डॉ विमल अग्रवाल के माध्यम से विशाल एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। डॉ अग्रवाल द्वारा उक्त शिविर में रीढ़ की हड्डी एवं नसों से संबंधित बीमारियों से ग्रस्त लोगों का यथासंभव समुचित उपचार करते हुए उनकी बीमारियों की जांच की गई एवं उनके रोग के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

उक्त निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से लगभग 150 से भी अधिक लोगों का इलाज किया गया। प्रातः 9 बजे से शुरू हुए इस चिकित्सा शिविर में रात लगभग 10 बजे तक मरीजों का इलाज किया गया। इस चिकित्सा शहर में न केवल रायगढ़ शहर अपितु आसपास के शहरों जैसे सक्ति, खरसिया, सारंगढ़, पत्थलगांव, झारसुगुड़ा, बेलपहाड़, ब्रराजनगर, एवं आसपास के अनेक गांवों से भी मरीज आए हुए थे। उपरोक्त चिकित्सा शिविर को सफल बनाने हेतु इस कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी अभिषेक अग्रवाल शंकर मिल स्टोर्स सुभाष चौक एवं उनकी धर्मपत्नी जेसीरेट निर्मल अग्रवाल पिछले काफी दिनों से जी जान से लगे हुए थे। उनकी तथा जेसीआई के अन्य सदस्यों की मेहनत से यह चिकित्सा शिविर मरीजों हेतु अत्यंत सफल साबित हुआ एवं बाहर से आए हुए मरीजों का कहना था कि इस तरह के चिकित्सा से संस्था को लगातार करते रहने चाहिए ताकि आम जनों को इसका अधिक से अधिक फायदा मिल सके।

